बीईएमएल ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक अनुसूची ' ए' कंपनी है, ने आज सतर्कता जागरूकता सप्ताह (27 **अक्टूबर**-2 **नवम्बर** 2020) **कार्यक्रम समाप्त किया, जिसका विषय "सतर्क भारत, समृद्ध भारत" था।**

बीईएमएल के सीएमडी, डॉ. दीपक कुमार होता, सभा को संबोधित करते हुए

कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए सतर्कता पर प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा व्याख्यान, निबंध, स्लोगन लेखन, पेंटिंग, ड्राइंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज के समारोह में विजेताओं को संबंधित संवर्ग में पुरस्कार वितरित किए गए।

बीईएमएल सामूहिक कार्यालय, बेंगलूर में बीईएमएल के सीएमडी, डॉ. दीपक कुमार होता, इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे और पूछताछ/अनुशासनात्मक मामलों पर सीवीसी परिपत्रों का संकलन/दिशानिर्देशों की एक ई-पुस्तक का विमोचन किया। सभा को संबोधित करते हुए, डॉ. होता ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सुशासन के महत्व पर जोर दिया।

बेंगलूर **बीईएमएल लिमिटेड द्वारा रिलीस**

2 **नवंबर** 2020